गुजरात के पत्तनों से भेजा गया माल

469. श्री मोर्जा इर्शादबेग : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रति वर्ष गुजरात के बड़े-मध्यम और छोटे पत्तनों से कितना माल भेजा जाता है और देश को उससे कितना राजस्व प्राप्त होता है ;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान इन पत्तनों के विकास के लिये क्या योजनाय तैयार की गई हैं और इनके विकास पर कितना धन व्यय किया गया है ; और

(ग) गुजरात सरकार ने इस संबंध में क्या मांगें रखी हैं और ये मांगें किस हद तक मान ली गई हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री (राजेश पायलट) : (क) संभवत : प्रश्न पत्तनों द्वारा अर्जित आय से संबंधित है ।

महापत्तन (कांडला) :

वर्ष 1985–86 और 1986-87 के दौरान कांडला पोर्ट ने जो केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण में गुजरात में एक मात्र महापत्तन है, 13.10 लाख टन और 13.40 लाख टन निर्यात कार्गो हैंडल किया जिससे क्रमश: 257.00 लाख रु० और 263.00 लाख रुपये के राजस्व की आय हुई ।

मझोले और छोटे पत्तन :

गुजरात सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गुजरात के मझोले और छोटे पत्तनों ने जो राज्य सरकार के नियंत्रण में हैं, वर्ष 1985–86 और 1986-87 के दौरान क्रमश: 17.12 लाख टन और 19.00 लाख टन निर्यात कार्गो का शिपमेंट किया । इन मझोले और छोटे पत्तनों द्वारा इन दो वर्षों के दौरान सभी स्रोतों से कुल 2100.00 लाख रुपये और 2000.00 लाख रुपये के राजस्व की आय हुई ।

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान उनके विकास के लिये तैयार की गई योजना और खर्च की गई धनराशि।

महापत्तन (कांडला पत्तन):

पिछले दो वर्षों के दौरान निम्नलिखित दो स्कीमें निष्पादित हुई : (1) छठी जनरल कार्गो बर्थ का निर्माण (2) नौवहन टगों की खरीद (3) ट्रांजिट शेडों का निर्माण (4) स्टेकिंग फ्लैटों का विकास (5) पत्तन प्रयोक्ताओं के लिये कार्यालय भवन का निर्माण (6) पत्तन कर्मचारियों के लिये आवासीय क्वार्टर । पत्तन ने योजनागत स्कीमों पर 1985–86 में 4.33 करोड़ रुपये और 1986–87 में 6.03 करोड़ रुपये खर्च किये ।

मझोले और छोटे पत्तन :

गुजरात सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार मझोले और छोटे पत्तनों के विकास के लिये राज्य की योजना के तहत सातवीं पंचवर्षीय योजना में 3036.00 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । सातवीं योजना के पहले वर्ष अर्थात 1985-86 और दूसरे वर्ष अर्थात् 1986–87 में उनके विकास पर क्रमश: 662.87 लाख रु० और 557.23 लाख रुपये खर्च किये गये हैं ।

(ग) गुजरात सरकार ने निम्नलिखित स्कीमों के लिये भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया था :

(करोड़ रु०)

(i) पोषाक्व परियोजना	24.40
(ii) हजीरा	22.12
(iii) वेरावल का आधुनिकीकरण	8.00
(iv) ओखा	5.20
(v) बेदी	5.52
कुल :	65.24

केन्द्रीय सरकार द्वारा उपरोक्त प्रस्तावों पर विचार किया गया था किन्तु संसाधनों पर प्रतिबंधों के कारण गुजरात सरकार की मांग को मानना संभव नहीं है।

दिल्ली के अस्पतालों में डाक्टरों और सर्जनों की सेवा-शर्तें और स्थानान्तरण

470. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के अस्पतालों में कार्यरत डाक्टरों और सर्जनों की सेवा-शर्तें और उनके स्थानान्तरण किन नियमों से शासित हैं ;

(ख) उन डाक्टरों और सर्जनों की संख्या कितनी है जो एक ही स्थान पर 3 से 5 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं और उन अस्पतालों के नाम क्या हैं जहां वे कार्यरत हैं ; और

(ग) सेवाकाल बढ़ाए जाने के संबंध में सरकार की नीति क्या है ; कितने डाक्टरों ने अपना सेवाकाल बढ़ाए जाने का अनुरोध किया और उनमें से कितने डाक्टरों का सेवाकाल बढ़ा दिया गया और उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के डाक्टरों की सेवा-शर्तें केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा नियम, 1982 द्वारा शासित होती हैं। सभी केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों का एक जगह से दूसरी जगह तबादला सामान्यत: 1971 में जारी स्थानान्तरण आदेशों के स्वरूप के अनुसार [प्रतिलिपि उपाबंध में संलग्न है (देखिए परिशिष्ट CXLIV, अनुपत्र संख्या 8)] होता है।

(ख) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) बहुत कम और विशिष्ट परिस्थितियों और लोकहित के सिवाय सामान्यत: सेवाकाल में वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाता। पिछले 5 वर्षों के दौरान 23 अधिकारियों ने सेवाकाल बढ़ाए जाने के लिए आवेदन किया था। लोकहित में 3 अधिकारियों का सेवाकाल बढ़ा दिया गया।

Speed of Trains on Trivandrum.Nagercoil and Nagercoil-Cape Sections

471. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that even after seven years of run-ning train services in Trivandrum-Nagercoil and Nagereoil-Cape Sections the speed is 60 Kms. and 50 Kms., respectively; and

(b) if so, whether Government propose to take necessary steps to increase the speed of trains on its route?

THE MINISTER. OF STATE OP THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA); (a) Yes, Sir.

(b) Upgradation of track on these sections is being undertaken on a programmed basis subject to availability of funds.

Construction of Coaching Yard Com-plex

472. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state when the construction of the Coaching Yard Complex at Nagercoil Junction Railway Station is likely to begin?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): There is no proposal to take up construction of additional facilities in Nagercoil Coaching Yard at present.